**SET – 1**

**Series :SSO/1/C**

कोड नं.
**Code No.** **61/1/1**

**रोल नं.**
**Roll No.**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **10 + 1** मानचित्र हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **18** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **10** printed pages + **1** Map.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **18** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# इतिहास

# HISTORY

*निर्धारित समय : 3 घंटे ]* *[ अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours ]* *[ Maximum Marks : 80*

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* ***सभी*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए । कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिये गए हैं । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित किए गए हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***3 दो*** *अंक वाले हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***30*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या* ***4*** *से* ***9 चार*** *अंक वाले हैं । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***100*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए । परीक्षार्थियों को इस खण्ड से किन्हीं* ***पाँच*** *प्रश्नों को हल करना चाहिए ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या* ***10*** *मूल्य आधारित प्रश्न है और* ***अनिवार्य*** *है, यह प्रश्न भी* ***चार*** *अंक का है ।*

(v) *प्रश्न संख्या **11** से **14** **आठ** अंक वाले हैं । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **350** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए । परीक्षार्थियों को इस खण्ड से किन्हीं **तीन** प्रश्नों को हल करना चाहिए ।*

(vi) *प्रश्न संख्या **15** से **17** स्रोत आधारित हैं । इनमें कोई आन्तरिक विकल्प नहीं है ।*

(vii) *प्रश्न संख्या **18** मानचित्र सम्बन्धी है, जिसमें लक्षणों को पहचानना तथा महत्त्वपूर्ण मदों को दर्शाना शामिल है । मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ नत्थी कीजिए ।*

***General Instructions :***

(i) *Answer **all** the questions. Some questions have choice. Marks are indicated against each question.*

(ii) *Answer to questions no. **1** to **3** carrying **2** marks should not exceed **30** words each.*

(iii) *Answer to questions no. **4** to **9** carrying **4** marks, should not exceed **100** words each. Students should attempt any **5** questions in this section.*

(iv) *Question no. **10** (for **4** marks) is a value based question and **compulsory**.*

(v) *Answer to questions no. **11** to **14** carrying **8** marks each should not exceed **350** words each. Students should attempt only **three** questions in this section.*

(vi) *Questions no. **15 to 17** are source based questions and have no internal choice.*

(vii) *Map Question **18** includes 'identification' and 'significance' test items. Attach the map with the answer book.*

## खण्ड – क

## PART – A

निम्नलिखित **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **2 × 3 = 6**

Answer **all** the questions given below :

1. बुद्ध ने अच्छे आचरण एवं मूल्यों पर बल क्यों दिया ? **2**

Why did Buddha lay emphasis on righteous conduct and values ?

2. अबुल फ़ज़्ल कौन था ? उसका प्रमुख योगदान क्या है ? **2**

Who was Ab'ul Fazal ? What is his major contribution ?

3. 1940 का पाकिस्तान का प्रस्ताव अस्पष्ट क्यों था ? कोई दो कारण लिखिए । **2**

Why was Pakistan resolution of 1940 considered ambiguous ? Give any two reasons.

**खण्ड – ख**

**PART – B**

**अनुभाग – I**

**SECTION – I**

निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के उत्तर दीजिए : **$4 \times 5 = 20$**

Answer any **five** of the following questions :

4. हड़प्पा निवासियों द्वारा अपनाई गई कृषि प्रौद्योगिकीयों का वर्णन कीजिए । **4**

Describe the agricultural technologies followed by the Harappans.

5. ईसा पूर्व 600 से ईसा संवत 600 तक पौराणिक हिन्दू धर्म के उदय को स्पष्ट कीजिए । **4**

Explain the growth of Puranic Hinduism from 600 BCE to 600 CE.

6. "जमीन से मिलने वाला राजस्व मुग़ल साम्राज्य की आर्थिक बुनियाद थी ।" इस कथन की परख कीजिए । **4**

"Land revenue was the economic mainstay of the Mughal Empire." Examine the statement.

7. "सुलह-ए-कुल (पूर्ण शान्ति) के आदर्श प्रबुद्ध शासन की आधारशिला है ।" ऊपर दिए गए कथन के संदर्भ में अकबर की सुलह-ए-कुल की नीति का मूल्यांकन कीजिए । **4**

"The ideal of Sulh-i-kul was the corner stone of enlightened rule." In the light of the above statement, make an assessment of the Akbar's policy of Sulh-i-kul.

8. “कुछ लोगों का विचार है कि भारत का विभाजन अचानक हुआ ।” इस कथन को न्यायोचित ठहराइए । **4**

“Some people think that partition of India was a very sudden.” Justify the statement.

9. देश के लिए ‘राष्ट्रीय भाषा’ के प्रश्न पर महात्मा गांधी के विचारों की परख कीजिए । **4**

Examine the views of Mahatma Gandhi on the question of a ‘National Language’ for the country.

**अनुभाग – II**

**SECTION – II**

**मूल्य आधारित प्रश्न (अनिवार्य)** **$1 \times 4 = 4$**

**Value Based Question (Compulsory)**

10. जैन दर्शन की सबसे महत्त्वपूर्ण अवधारणा यह है कि संपूर्ण विश्व प्राणवान है । यह माना जाता है कि पत्थर, चट्टान और जल में भी जीवन होता है । जीवों के प्रति अहिंसा-खासकर इनसानों, जानवरों, पेड़-पौधों और कीड़े-मकोड़ों को न मारना जैन दर्शन का केंद्र बिंदु है ।

ऊपर दिए गए कथन के संदर्भ में जैन धर्म के नैतिक मूल्यों की व्याख्या कीजिए । **4**

“The most important idea in Jainism is that the entire world is animated : even stones, rocks and water have life. Non injury to living beings, especially to humans, animals, plants and insects is crucial to Jaina Philosophy.”

In the light of the above statement, explain the moral values of Jainism.

**खण्ड – ग**

**PART – C**

निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **$3 \times 8 = 24$**

Answer any **three** of the following questions :

11. आरम्भिक समाज ईसा पूर्व 600 से ईसा संवत 600 तक की पितृवंशिक व्यवस्था के आदर्श और विवाह के नियमों का वर्णन कीजिए । **$4 + 4 = 8$**

Describe the ‘ideal of patriarchy’ and rules of marriage in the early societies from 600 BCE to 600 CE.

12. कृष्णदेव राय अपने साम्राज्य विजयनगर के विस्तार और दृढ़ीकरण करने में किस प्रकार समर्थ हुआ था ? स्पष्ट कीजिए । कृष्णदेव राय की मृत्यु के पश्चात् विजयनगर के पतन के कारणों की व्याख्या कीजिए । **4 + 4 = 8**

Explain how Krishanadeva Raya was able to expand and consolidate his empire of Vijayanagara ? Explain the causes of the decline of Vijaynagara after his death.

13. अठारहवीं सदी के दौरान बंगाल के ज़मीदार कम्पनी को नियमित रूप से राजस्व का भुगतान क्यों नहीं कर पाये ? इससे जोतेदार किस प्रकार सशक्त हुए ? स्पष्ट कीजिए । **4 + 4 = 8**

Why did Zamindars of Bengal fail to pay regular revenue to the company during 18$^{th}$ century ? How did this enhance the power of Jotedars ? Explain.

14. 1857 के दौरान विद्रोहों के बीच एकता बनाए रखने के लिए क्या-क्या उपाय किए गए थे ? विद्रोह को दबाने के लिए अंग्रेज़ों ने किस प्रकार प्रयास किए ? स्पष्ट कीजिए । **4 + 4 = 8**

What measures were taken to keep the unity among the rebels during 1857 ? How did the British try to suppress the rebellion ? Explain.

## खण्ड – घ

## PART – D

### (स्रोत आधारित प्रश्न)

### (Source Based Questions) $3 \times 7 = 21$

15. निम्नलिखित उद्धरण को सावधानीपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**समुद्रगुप्त की प्रशस्ति**

*यह प्रयाग प्रशस्ति* का एक अंश है :

धरती पर उनका कोई प्रतिद्वंद्वी नहीं था । अनेक गुणों और शुभकार्यों से संपन्न उन्होंने अपने पैर के तलवे से अन्य राजाओं के यश को मिटा दिया है । वे परमात्मा पुरुष हैं, साधु (भले) की समृद्धि और असाधु (बुरे) के विनाश के कारण हैं । वे अज्ञेय हैं । उनके कोमल हृदय को भक्ति और विनय से ही वश में किया जा सकता है । वे करुणा से भरे हुए हैं । वे अनेक सहस्र गायों के दाता हैं । उनके मस्तिष्क की दीक्षा दीन-दुखियों, विरहणियों और पीड़ितों के उद्धार के लिए की गई है । वे मानवता के लिए दिव्यमान उदारता की प्रतिमूर्ति हैं । वे देवताओं में कुबेर (धन-देव), वरुण (समुद्र-देव), इंद्र (वर्षा के देवता) और यम (मृत्यु-देव) के तुल्य हैं ।

(15.1) प्रशस्ति का अर्थ लिखिए ।

(15.2) 'समुद्रगुप्त की तुलना देवताओं से की जाती है ।' तुलना को न्यायसंगत ठहराइए ।

(15.3) गुप्त शासकों के इतिहास की पुन:रचना करने वाले दो स्रोतों के नाम लिखिए । **(1 + 4 + 2) = 7**

Read the following excerpt carefully and answer the questions that follow :

**In Praise of Samudragupta**

This is an excerpt from the *Prayaga Prashasti* :

He was without an antagonist on earth; he, by the overflowing of the multitude of (his) many good qualities adorned by hundreds of good actions, has wiped off the fame of other kings with the soles of (his) feet; (he is) *Purusha* (the Supreme Being), being the cause of the prosperity of the good and the destruction of the bad (he is) incomprehensible; (he is) one whose tender heart can be captured only by devotion and humility; (he is) possessed of compassion ; (he is) the giver of many hundred-thousands of cows; (his) mind has received ceremonial initiation for the uplift of the miserable, the poor, the forlorn and the suffering; (he is) resplendent and embodied kindness to mankind; (he is) equal to (the gods) Kubera (the god of wealth), Varuna (the god of the ocean), Indra (the god of rains) and Yama (the god of death)….

(15.1) Give the meaning of Prashasti.

(15.2) 'Samudragupta is compared to gods.' Justify the comparison.

(15.3) Name two sources used to reconstruct the history of Gupta rulers.

16. निम्नलिखित उद्धरण को सावधानीपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**मुगल शहज़ादी जहाँआरा की तीर्थयात्रा 1643**

निम्नलिखित गद्यांश जहाँआरा द्वारा रचित शेख मुइनुद्दीन चिश्ती की जीवनी *मुनिस-अल-अरवाह* (यानी आत्मा का विश्वस्त) से लिया गया है ।

अल्लाहताला की तारीफ़ के बाद ..... यह फकीरा जहाँआरा.... राजधानी आगरा से अपने पिता (बादशाह शाहजहाँ) के संग पाक और बेजोड़ अजमेर के लिए निकली... मैं इस बात के लिए वायदापरस्त थी कि हर रोज़ और हर मुकाम पर मैं दो बार की अख़्तियारी नमाज़ अदा करूँगी.... बहुत दिन.... मैं रात को बाघ के चमड़े पर नहीं सोई और अपने पैर मुकद्दस दरगाह की तरफ नहीं फैलाए, न ही मैंने अपनी पीठ उनकी तरफ की । मैं पेड़ के नीचे दिन गुज़ारती थी ।

वीरवार को रमज़ान के मुकद्दस महीने के चौथे रोज़ मुझे चिराग और इतर में डूबे दरगाह की ज़ियारत की खुशी हासिल हुई... चूँकि दिन की रोशनी की एक छड़ी बाकी थी मैं दरगाह के भीतर गई और अपने जर्द चेहरे को उसकी चौखट की धूल से रगड़ा । दरवाज़े से मुकद्दस दरगाह तक मैं नंगे पाँव वहाँ की ज़मीन को चूमती हुई गई । गुम्बद के भीतर रोशनी से भरी दरगाह में मैंने मज़ार के चारों ओर सात फेरे लिए । आख़िर में अपने हाथों से मुकद्दस दरगाह पर मैंने सबसे उम्दा इतर छिड़का । चूँकि गुलाबी दुपट्टा जो मेरे सिर पर था, मैं उतार चुकी थी इसलिए उसे मैंने मुकद्दस मज़ार के ऊपर रखा ।...

(16.1) ज़ियारत का अर्थ लिखिए ।

(16.2) जहाँआरा ने शेख मुइनुद्दीन चिश्ती के प्रति किस प्रकार अपनी भक्ति प्रदर्शित की ? उदाहरण दीजिए।

(16.3) ख़्वाजा मुइनुद्दीन की दरगाह भक्तजनों में लोकप्रिय क्यों थी ? **1 + 4 + 2 = 7**

Read the following excerpt carefully and answer the questions that follow :

**The Pilgrimage of the Mughal Princess Jahanara, 1643**

The following is an excerpt from Jahanara's biography of Shaikh Muinuddin Chisti, titled *Munis al Arwah* (The Confident of Spirits) :

After praising the one God…. this lowly *faqira* (humble soul) Jahanara… went from the capital Agra in the company of my great father (Emperor Shah Jahan) towards the pure region of incomparable Ajmer… I was committed to this idea, that every day in every station I would perform two cycles of optional prayer…

For several days…. I did not sleep on a leopard skin at night, I did not extent my feet in the direction of the blessed sanctuary of the revered saving master, and I did not turn my back towards him. I passed the days beneath the trees.

On Thursday, the fourth of the blessed month of Ramzan, I attained the happiness of pilgrimage to the illuminated and the perfumed tomb… With an hour of daylight remaining, I went to the holy sanctuary and rubbed my pale face with the dust of that threshold. From the doorway to the blessed tomb I went barefoot, kissing the ground. Having entered the dome, I went around the light-filled tomb of my master seven times ….Finally, with my own hand I put the finest quality of *itar* on the perfumed tomb of the revered one, and having taken off the rose scarf that I had on my head, I placed it on the top of the blessed tomb.

(16.1) Give the meaning of Ziyarat.

(16.2) How did Jahanara show her devotion to Shaikh Muinuddin Chisti ? Give examples.

(16.3) Why was dargah of Khwaja Muinuddin popular amongst devotees ?

17. निम्नलिखित उद्धरण को सावधानीपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**चमत्कारिक व अविश्वसनीय**

संयुक्त प्रांत के स्थानीय समाचार-पत्रों में उस समय फैली कई अफवाहें दर्ज हैं । ये अफवाहें थीं कि जिस किसी भी व्यक्ति ने महात्मा की शक्ति को परखना चाहा उसे अचंभा हुआ :

1. बस्ती गाँव के सिकंदर साहू ने 15 फरवरी को कहा कि वह महात्मा जी में तब विश्वास करेगा जब उसके कारखाने (जहाँ गुड़ का उत्पादन होता था) में गन्ने के रस से भरा कड़ाहा (उबलता हुआ) दो भाग में टूट जाएगा । तुरंत ही कड़ाहा वास्तव में बीच में से दो हिस्सों में टूट गया ।

2. आजमगढ़ के एक किसान ने कहा कि वह महात्मा जी की प्रामाणिकता में तब विश्वास करेगा जब उसके खेत में लगाए गए गेहूँ तिल में बदल जाएँ । अगले दिन उस खेत का सारा गेहूँ तिल बन गया ।

(17.1) गांधीजी भारतीय किसानों के लिए किस प्रकार उद्धारक के रूप में दिखाई दिए ?

(17.2) अफवाहें फैलाने में स्थानीय समाचार-पत्रों की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए ।

(17.3) सिकंदर साहू की परख ने महात्मा गांधीजी की चमत्कारिक शक्तियों को किस प्रकार सिद्ध किया ? **3 + 2 + 2 = 7**

Read the following excerpt carefully and answer the questions that follow :

**The Miraculous and the Unbelievable**

Local newspapers in the United Provinces recorded many of the rumours that circulated at that time. There were rumours that every person who wanted to test the power of the Mahatma had been surprised.

1. Sikandar Sahu from a village in Basti said on $15^{th}$ February that he would believe in the Mahatmaji when the *karah* (boiling pan) full of sugarcane juice in his *karkhana* (where gur was produced) split into two. Immediately the *karah* actually split into two from the middle.

2. A cultivator in Azamgarh said that he would believe in the Mahatmaji's authenticity if sesamum sprouted on his field planted with wheat. Next day all the wheat in that field became sesamum.

(17.1) Why did Gandhiji appear as saviour to the Indian peasants ?

(17.2) Assess the role of local Newspapers in the spreading of rumours.

(17.3) How did the test of Sikandar Sahu prove Mahatma Gandhiji's miraculous power ?

**खण्ड – ङ**

**PART – E**

**मानचित्र प्रश्न / Map Question**

18. (18.1) भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिए : **2**

(a) आज़मगढ़ – 1857 के विद्रोह का केन्द्र

(b) सूरत – 1857 में ब्रिटिश नियंत्रण के अन्तर्गत एक नगर

(18.2) इसी मानचित्र में विकसित हड़प्पन स्थलों के तीन स्थान 1, 2 और 3 के रूप में अंकित किए गए हैं । इनको पहचानिए और उनके निकट खींची गई रेखाओं पर उनके नाम लिखिए । **3**

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **18** के स्थान पर है :

(18.1) उत्तर प्रदेश में 1857 के विद्रोह के किसी एक केन्द्र का नाम लिखिए । **1**

(18.2) 1857 में ब्रिटिश शासन के अधीन गुजरात में स्थित एक महत्त्वपूर्ण नगर का नाम लिखिए । **1**

(18.3 से 18.5) विकसित हड़प्पन स्थलों में से किन्हीं तीन स्थानों के नाम लिखिए । **3**

18.1 On the given political outline map of India locate and label the following with appropriate symbols :

(A) Azamgarh – the centre of revolt of 1857

(B) Surat – a town under British control in 1857.

18.2 On the same map three places of Mature Harappan sites are marked as 1, 2 and 3. Identify them and write their names on the lines drawn near them.

**Note :** The following questions are for the **visually impaired candidates** in lieu of Q. No. 18.

18.1 Name any one centre of the revolt of 1857 in Uttar Pradesh.


18.2 Name an important town in Gujarat which was under British control in 1857.

18.3 to 18.5 : Name any three places of Mature Harappan sites.

प्रश्न सं. 18 के लिए मानचित्र

Map for Q. No. 18

## Outline Map of India (Political)
## भारत का रेखा - मानचित्र (राजनीतिक)




यहाँ से काटें Cut Here

यहाँ से काटें Cut Here